वन विभाग ने जारी की एडवायजरी

अलवर (निसं)। वन विभाग की टीम द्वारा नर बाघ एसटी- 23०3 के वन क्षेत्रा से निकलकर खुले में विचरण करने के कारण बाघ को रेसक्यू करने के लिए निरन्तर ट्रैकिंग की जा रही है अत: आमजन बिना किसी अफवाह पर भरोसा किए बिना नर बाघ की सूचना मिलने पर तुरन्त टीम को सूचित करें।

डीएफओ अलवर ए.के श्रीवास्तव ने बताया कि 17 जनवरी को प्रातकाल से नरबाघ वन क्षेत्रा से निकलकर खेतों के रास्ते उत्तर दिशा की ओर मूवमेंट कर रहा है तथा नरबाघ के पगमार्क सांय तक कोटकासिम के ग्राम बसई वीरथल में पाये गए। उन्होंने बताया कि नरबाघ एसटी 23०3 द्वारा आज दोहपर 2 बजे भिवाडी शहर के समीप खुशखेडा ग्राम में एक व्यक्ति पर हमले की वन विभाग की टीम द्वारा पुष्टि की गई जिसको मामूली चोटे आई। उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया तथा उपचार के उपरान्त उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वन मण्डल अलवर एवं बाघ परियोजना सरिस्का की स्पेशल रेस्क्यू टीम द्वारा टाइगर को लोकेट करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है तथा निरन्तर गश्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्रा के अतिरिक्त सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के लिए एडवायजरी जारी की गई बाघ के दिखाई देने पर अथवा किसी मवेशी के वन्यजीव द्वारा शिकार होने पर तत्काल वन विभाग की टीम को सूचित करें।

जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पानी के मुद्दे पर विधायक हुए आमने-सामने

विधायक दीपचंद खेरिया और पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के बीच हुई तीखी बहस

किशनगढ़ बास/खैरथल (निसं)। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका की जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे विधायक दीपचंद खेरिया और पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के बीच उस समय तीखी बहस छिड़ गई जब विधायक दीपचंद खेरिया ने जिला कलेक्टर को खैरथल में बनी पानी की समस्या बताई। जनसुनवाई में मौजूद पूर्व विधायक यादव से रूका नहीं गया और बोलें खैरथल में पानी की समस्या नहीं होती अगर भाजपा राज में स्वीकृत हर घर जल योजना के काम को कांग्रेस राज में अटका कर रखने की जगह पूरा कर दिया गया होता तो आज यह दिन देखने की नौबत नहीं आती।

पूर्व विधायक यादव यही नहीं रुके और कहा कांग्रेस के 5 साल के किए गड्ढे भजनलाल सरकार में भरे जाएंगे और खैरथल में घर-घर पानी पहुंचाने काम भी जल्दी ही होगा। यादव ने कहा खैरथल में हर घर जल योजना का कार्य पूरा हो तब तक के लिए पांच बोरिंग नगर परिषद से और इतने ही बोरिंग विधायक निधि कोष से विधायक करा दे तो पानी की व्यवस्था को ठीक किया जा सकता है। नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड है वित्तीय स्वीकृति के लिए अगर कहीं कोई दिक्कत आती है तो उसके लिए सभापति को बोल कर करा देंगे। जिला कलेक्टर ने खैरथल में पानी की समस्या को देखते हुए जलदाय विभाग के एसई विकास मीणा को आवश्यक दिशा निर्देश देते समाधान के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में खैरथल रेलवे फाटक निर्माण के प्रारंभ होने के साथ आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिए जाने से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर विधायक के साथ व्यापारी पहुंचे थे। व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के पश्चात जिला कलेक्टर ढाका ने रेलवे अधिकारियों से बात की और निदान करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों की मांग थी कि दिन में आवागमन को सुचारू तरीके से रखा जाए।पूर्व विधायक यादव ने कहा न्याय के लिए कोई व्यक्ति कार्यालय के या अधिकारी के चक्कर लगाकर दर-दर भटकता रहे यह अब भाजपा की भजन लाल सरकार में ना तो सुना जाएगा और ना ही सहा जाएगा। अधिकारी कार्मिक ध्यान रखें की एक बार के बाद दोबारा परिवादी को शिकायत करने की जरूरत नहीं पड़े। क्योंकि सरकार गरीब को न्याय मिले इसके लिए पूरी तरह से संकल्पित है।

खैरथल में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

- कलेक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में 76 प्रकरण दर्ज किए गए जिससे कुछ मामलों का निस्तारण जनसुनवाई में किया गया और शेष रहे प्रकरणों का निस्तारण समय अवधि में पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।। जिनके समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। दरबारपुर वीर सिंह, पंडित छित्तरमल संस्थान अध्यक्ष प्रभाकर शर्मा द्वारा 20 हजार की विधवा आर्थिक सहायता प्रदान की।

सार-समाचार

बच्चों को 12वीं फेल दिखाई

पीपलू। जयकिशनपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को 12वीं फेल प्रेरणादायक मूवी दिखाई गई। नवाचारी शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय, मोरपाल गुर्जर ने बताया कि उनके द्वारा बच्चों में दक्षता आधारित शिक्षण के लिए एक्स्ट्रा क्लास प्रतिदिन लगाई जा रही है। जिससे बच्चों की पढने में रुचि विकसित हो। प्रधानाध्यापक हेमराज माली, शिक्षक मोरपाल गुर्जर, शंकर लाल मीणा, रायसिंह, मोहनलाल गुर्जर, घनश्याम लक्षकार, कन्हैया शर्मा, निरमा चौधरी, दिनकर विजयवर्गीय, शारीरिक शिक्षक अंकित की टीम कक्षा 8 व 5वीं के बच्चों को बोर्ड परीक्षा की विशेष तैयारी करवा रहे है। जिसके तहत खास तौर पर विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशन से भरपूर यह प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। दिनकर विजयवर्गीय ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को और प्रत्येक उस व्यक्ति को यह फिल्म देखना चाहिए जो अपनी जिंदगी में कुछ कर दिखाना चाहते हैं। साथ ही यह फिल्म प्रेरणा देती है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे आपसे मिलवाने की कोशिश में लग जाती है। जैसे मूवी में मनोज के साथ हुआ। जब उसने आईपीएस बनने की ठानी तो उसे उसकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए पांडे और गौरी भैया जैसे साथी हमदर्द मिल गए। हमारे विद्यार्थियों को भी हमें यह फिल्म दिखाने का मौका मिला। बच्चों को यह फिल्म दिखाने का उद्देश्य था कि प्रत्येक विद्यालय में सैंकडों विद्यार्थी होते हैं। हो सकता है इन में से कोई एक भी इस फिल्म से प्रेरणा लेकर फिल्म में दिखाए गए मनोज बनने की ठान ले और मनोज ना सही अगर इन सब में से कोई एक भी पांडे जी या गौरी भैया बनकर किसी को उसकी मंजिल तक पहुंचा दे तो भी हमारा उन्हें यह फिल्म दिखाना सार्थक हो जायेगा।

छात्राओं ने श्रमदान किया

पीपलू। राजकीयकन्या महाविद्यालय पीपलू में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीपलू का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ली गई बस्ती में तृतीय दिवस पर शिक्षा और सेवा विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा वक्ता राजकीय कन्या महाविद्यालय नगरफोर्ट के प्राचार्य डॉ. हैदरी रहे तथा विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के आचार्य डॉ. विकास नोटियाल एवं अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सौलत अली खान रहे। कार्यक्रम प्रभारी जेपी देवतवाल ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. ए हैदरी ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एनएसएस व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सौलत अली खान ने कहा कि मानवता ही सबसे बडा धर्म है, जो राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ही सीखा जाता है। डॉ. विकास नोटियाल ने खेल के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना सिखाने का खेल खिलाया। उसके बाद सभी छात्राओ ने शिवालय परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया।

दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारम्भ

कोटपूतली। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में कोटपूतली में गुरूवार से दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उल्लेखनीय है कि एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन के साथ भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर स्वयं को जोडकर इस कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। इस दौरान जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, पूरब मंडल संयोजक विक्रम कसाना, नगर मंडल महामंत्री जितेंद्र शेखावत व बालकृष्ण सैनी, एड. विकास जांगल, एड. विमल गोयल, एड. पुष्कर शर्मा, एड. पंकज शर्मा, एड. अभिषेक मोरीजावाला, कमलेश छावड़ी, अमित शर्मा, सतीश चौधरी, सतनाम समेत अन्य मौजूद रहे।

खनिज से भरे दो वाहनों को जब्त किया

अलवर । जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज गठित संयुक्त टीमों द्वारा जिले के दो स्थानों पर कार्रवाई कर अवैध खनन सामग्री को जब्त कर एफआईआर करवाई गई। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने हेतु संचालित विशेष अभियान के तहत आज तहसील रामगढ एवं अलवर में टीम द्वारा बजरी से भरे दो टैऊक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया तथा तहसील मुण्डावर में अवैध खनन करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 3 लाख 62 हजार रूपये की वसूली की गई।

पूर्व विधायक ने प्रमुख सचिव से की भेंट

चौमूं / कालाडेरा (निसं)। चौमूं उपखण्ड में स्थित वीर हनुमान जी सामोद के बंद पड़े रोप वे के पुन: संचालन हेतु वन विभाग की एनओसी जारी करने के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर में प्रमुख सचिव प्रथम शिखर अग्रवाल से मुलाक़ात की। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि वन विभाग में भूमि डायवर्जन की फ़ाइल लंबित होने की वजह से रोप वे का संचालन बंद पड़ा है। लाखों लोगों की आस्था के केन्द्र वीर हनुमान जी के दर्शन करने के लिए हज़ारों की संख्या में लोग आते हैं और मन्दिर पर्वत पर स्थित होने की वजह से सैकड़ों सीढ़िया चढ़नी पड़ती है, जिस कारण असहाय और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी होती है। पूर्व विधायक शर्मा कि माँग पर प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल ने अधिकारियों से शीघ्र ही वन विभाग से भूमि डायवर्जन की एनओसी जारी करने की बात कही।

तहसीलदार ने ली बैठक

निवाई। स्थानीय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सभागार में गुरूवार को तहसील अजीत बुन्देला की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत समस्त नोडल ऑफीसर्स को लक्ष्य के अनुरूप 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडने सूची में जोडने से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार अजीत बुन्देला ने निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर राजकीय विद्यालयों सहित सभी सरकारी कार्यालयों में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस पर्व के रूप में मनाए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्यायें

कोटपूतली (निसं)। प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में गुरूवार को 22 फरियादी अपने परिवार लेकर कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के पास पहुंचे। जिसमें से 08 परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिला कलेक्टर ने कोटपूतली पंचायत समिति के सभागार में करीब 04 घंटे बैठ कर जनसुनवाई की। जिसमें जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें, वहीं उपखंड और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई में 22 प्रकरणों में से 08 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष के त्वरित निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष विभिन्न प्रकार के प्रकरण आये। जिसमें खातेदारी संबंधित प्रकरण, मकान का पट्टे नहीं मिलने की परिवेदना, अतिक्रमण, विद्युत व जल कनेक्शन, सीमाज्ञान, सडक आबादी विस्तार से संबंधित परिवाद आये। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटपूतली पंचायत समिति के वीसी सभागार में गुरुवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम योगेश कुमार डागुर एवं एएसपी नेमसिंह ने जनसुनवाई की।

कलश यात्रा निकाली

फागी (निसं)। कस्बे में निकाली गई भव्य कलष यात्रा में आस्था का सैलाब उमड पडा। गौरतबलब है कस्बे के जयपुर भीलवाडा मेगा हाइवे पर पुनर्निर्मित सीताराम जी मन्दिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत कस्बे के दूदू रोड स्थित तेजाजी मन्दिर से प्रात 9 बजे निकली भव्य कलष यात्रा में करीब पन्द्रह सौ महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक अपने ईश्ट के लिए मंगल कलष अपने षिर पर धारण कर फागी नगरपालिका चेयरमेन ओमप्रकाष खवास एवं पूर्व सरपंच सीताराम पारीक के पावन सानिध्य में डीजे की सुमधुर ध्वनि पर नाचती थिरकती महिला पुरूशों का सैलाब मानो फागी नगर भक्ति से ओतप्रोत होता दिखाई दिया जो कि मुख्य बाजार बस स्टैण्ड थाना केसामने से होकर जयपुर भीलवाडा मेगा हाइवे होकर मन्दिर श्री सीताराम जी पहुंचा जहां पं दामोदर षास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ मंगलकलषों का स्थापित करवाया।

संभागीय आयुक्त ने शिविरों का निरीक्षण किया

कोटपूतली। संभागीय आयुक्त श्रीमती आरूषी मलिक ने गुरुवार को "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तहत पंचायत समिति पावटा के मण्डा व भाकरी की ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।

इस दौरान संभागीय आयुक्त आरूषी मलिक ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिनकी जानकारी "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के तहत प्रचार वैन एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के माध्यम से आमजन को प्रदान की जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को केन्द्र सरकार की समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान करें एवं पात्र लोगों का उनमें पंजीकरण करवाएं।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित पैम्पलेट सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण भी करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं में लाभान्वित होने से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने उक्त ग्राम पंचायतों की प्रतिभाओं को भविष्य में भी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए गांव एवं जिले का नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान संभागीय आयुक्त श्रीमती आरूषी मलिक द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संभागीय आयुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संभागीय आयुक्त द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रस्म भी की गई। इस मौके पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, विधायक कुलदीप धनकड़,उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी, तहसीलदार अजीत पाल यादव,विकास अधिकारी सुरेश पारीक सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण क स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

'पी.एम. द्वारा सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है'

शिविर में मुख्य अतिथि जयपुर सांसद बोहरा ने कही ये बात

निवाई, (निसं)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगरपालिका परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया, अध्यक्षता कर रहे विधायक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रधान रामअवतार लांगडी कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों का नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी सहित पार्षदों ने माला साफा पहनाकर व भगवान राम का स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर वर्ग को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज गांव और ढाणी में बैठे व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। गरीब, मजदूर, युवा, महिलाएं सहित सभी वर्ग के लिए योजनाएं लागू कर रखी है। किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तरफ से राशि दी जा रही है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी भगवान राम को काल्पनिक बताती है। आज जहां देश 22 जनवरी को दीपावली की तरह मनाने जा रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने कार्यक्रम का न्योता स्वीकार नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को सभी जानते हैं। सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा किया है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही पानी की समस्या दूर होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ रहा है। इस दौरान नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने नगरपालिका में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एडीएम त्यागी अधिशाषी अधिकारी जनप्रतिनिधि व शहरवासी मौजूद थे।

कार्यक्रमों में आम सहमति बनी

फागी (निसं)। कस्बे में 22 जनवरी को होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर हुई मिटिंग में आम सहमति बनी।

कस्बे के चारभुजा मन्दिर के पास किडस पेराडाइज स्कूल में सैंकडों नगरवासियों की मौजूदगी में रामभक्तों की मिटिंग सम्पन्न हुई जिसमें 21 जनवरी को ही कस्बे स्थित प्रमुख मन्दिरों पर सजावट के साथ 22 जनवरी को प्रात 6 बजे से प्रभात फेरी 10 बजे से 12 बजे व्यापार महासंघ द्वारा सांघी मार्केट में सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण तथादोपहर 2 बजे से दूदू रोड स्थित तेजाजी मन्दिर से भव्य झांकियों जो बाबा बर्फानी मित्र मण्डल कस्बे के विभिन्न विघालयों द्वारा जीवंत झांकिया सजाकर षोभा यात्रा प्रारम्भ होगी जो नगर परिक्रमा पूरी कर वापस तेजाजी मन्दिर पहुंचेगी जहां से सभी नगरवासी सीताराम जी मन्दिर पहुंचेंगे जहां भण्डारे का आयोजन किया जावेगा।

राम भक्तों ने मंदिरों को साफ सुथरा किया

सांभरझील, (निसं)। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में पार्षद सुशीला शर्मा की अगुवाई में राम भक्तों की टोली ने बुधवार को माली मोहल्ला स्थित बालाजी मंदिर का जायजा लिया तथा साफ सफाई अभियान के अंतर्गत मंदिरों को साफ सुथरा किया।

पार्षद सुशीला शर्मा, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण स्वामी, राजेश पारीक सहित अनेक ने मंदिर में प्रभु श्रीराम के निमित्त झाड़ू लगाई तथा फर्श को भी पानी से धोया।। इससे पहले राम भक्तों की टोली ने अमलेश्वर महादेव मंदिर में भी साफ सफाई कर सुंदर बनाया। बता दें कि प्रभु श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन की भव्य तैयारी को देखते हुए यहां भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महाभारत काल से थे जुड़ा सांभर का धार्मिक इतिहास व देवयानी तीर्थ स्थल के घाटों पर स्थित अति प्राचीन देवी देवताओं के मंदिरों में भी लोगों के जबरदस्त भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए यहां के पुजारियों ने भी अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंदिरों में साफ सफाई का दौरा देखने को मिल रहा है, वही पुजारियों से बात की गई तो बताया कि इस बार अयोध्या में प्रभु श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी इसलिए धार्मिक आवेदन को भव्य बनाने के लिए देवयानी पर भी हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इस अवसर पर मंदिरों में भव्य झांकी और सजावट कर धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे। सांभर व्यापार महासंघ के सामूहिक प्रयासों से गोला बाजार में अनुपम झांकियां और सजावट के लिए बाकायदा इस काम की जिम्मेदारी बनवारीलाल सिंघानिया को सौंपी गई है।

राष्ट्रीय ओड महासभा ने की विकास कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग

अलवर, (निसं)। राष्ट्रीय ओड महासभा संस्थान राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल प्रकाश सूरा ओड के नेतृत्व में प्रदेश प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भाजपा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच एवं प्रदेश महामंत्री ओपी यादव किसान मोर्चा भाजपा जयपुर से मिला।

प्रतिनिधि मंडल ने ओड विकास कल्याण बोर्ड गठित करने का एक मांग पत्र सोपा। मांग की गई की राजस्थान में 25 जिलों में औड समाज निवास करता है। भाजपा द्वारा आज तक ओड समाज के किसी भी प्रत्याशी को किसी भी विधानसभा से टिकट नहीं दिया गया जबकि जबकि अलवर जिले के रामगढ विधानसभा क्षेत्र विधानसभा 2023 के चुनाव में टिकट की मांग की गई। निर्मल सुरा हिंदुत्व के चेहरे पर चुनाव की तैयारी में थे किंतु अंतिम दौर पर टिकट कट गया, पश्चात अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया एवं सतीश पुनिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भी आश्वासन दिया गया कि आपका बोर्ड गठित किया जाएगा और किसी एक को बोर्ड का अध्यक्ष भी नियुक्त किया जाएगा। औड जाति का विकास आर्थिक सामाजिक राजनीतिक एवं शैक्षिक कल्याण बोर्ड गठित होने से ही ओड जाति का विकास संभव है। मांग पत्र में कहा गया कि प्रत्येक जिले में विशेष योजना के तहत ओड जाति के छात्र-छात्राओं के लिए अलग से सरकार द्वारा छात्रावास की योजना बनाई जाए। रहने खाने और पढने के लिए सरकार द्वारा व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि अलवर जिले के साथ-साथ हनुमानगढ गंगानगर जिले में औड जाति के राजस्व भूमि राजस्व रिकॉर्ड में ओड जाति के स्थान पर राजपूत दर्ज हुआ था जिसके संशोधन के लिए 2002 एवं 2004 की सरकार के दौरान भू राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन हेतु राजस्थान सरकार द्वारा आदेश जारी किए गए थे मांग पत्र में मांग की गई की उक्त आदेशों को पुन: जारी कर राजस्व रिकॉर्ड में राजपूत के स्थान पर ओड जाति दर्ज कराई जाने के जिला कलेक्टर एवं उप जिला कलेक्टर को आदेश जारी किया जाए ताकि कैंप लगाकर भू राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन किया जा सके। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष निर्मल प्रकाश सुरा ओड , प्रदेश महासचिव आनंद माला ओड , प्रदेश सचिव अशोक ओड , प्रदेश कोषाध्यक्ष भोलाराम ओ ड, प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल ओ ड, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र ओ ड , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन और सुधीर ओड राजकुमार ओड कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

बोर्ड गठन को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिला ओड महासभा संगठन।

- राजस्व रिकॉर्ड में राजपूत के स्थान पर ओड जाति दर्ज कराई जाएं

निर्मल प्रकाश सुरा ने अवगत करते हुए बताया कि राजस्थान से भाजपा द्वारा आज तक राजस्थान में ना तो बोर्ड गठित किया और न, ही ओड समाज के किसी प्रत्याशी को टिकट दिया जबकि विधानसभा चुनाव 203 में रामगढ विधानसभा जिला अलवर से निर्मल सुरा राजकीय सेवा अध्यापक पद सेवा से ऐच्छिक सेवा निवृत्ति लेकर भाजपा पार्टी के भरतपुर प्रभारी किसान मोर्चा, जयपुर संभाग प्रभारी ,एवं जिला संयोजक ,करण पुर विधानसभा में 13 दिवसीय प्रवास कर कडी मेहनत ईमानदारी लगन और कर्तव्य निष्ठा के साथ भाजपा पार्टी के कार्यों में योगदान दिया भरतपुर जन आक्रोश रैली के दौरान निर्मल सुरा की उंगली परपुलिस की लाठी के प्रहार से उंगली कटने से 2 दिन भरतपुर हॉस्पिटल भरती रहे । सुरा ने रामगढ विधानसभा से टिकट की मांग की हिंदुत्व के चेहरे की गई थी किंतु अंतिम क्षण पर टिकट कट गया। अर्जुन राम मेघवाल मंत्री भारत सरकार सतीश पुनिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया था कि यदि ओड समाज को टिकट नहीं मिला तो ओड विकास कल्याण बोर्ड गठित किया जाएगा।

35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

कोटपूतली। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के यूनिट कोटपूतली सीमेंट वर्क्स के ट्रकयार्ड में गुरूवार को 35 वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया।

मुख्य अतिथि यूनिट हैड नितिन दुराफे ने ड्राईवर बन्धुओं को सडक सुरक्षा के सभी नियमों को अपनी आदतों में शामिल करने का संदेश दिया तथा सुखी व स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सडक सुरक्षा अभियान सप्ताह का समापन नहीं बल्कि एक निरन्तर प्रक्रिया है। उन्होंने सभी से रोड़ स्पीड लिमिट का पालन करने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि एएसपी नेम सिंह ने ड्राईवरों की जागरूकता से दुर्घटनाओं में हुई स्थिरता के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा की सुगम व सुरक्षित यातायात हेतु सडक सुरक्षा नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन नवनीत जेटली ने कहा कि सडक सुरक्षा मनाने का उद्धेश्य सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने का सफल प्रयास है।

कार्यालय श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट, कैलादेवी जिला-करौली (राज.)

क्रमांक 4331 ISO 9001: 2015 दिनांक:17.01.2024

निविदा सूचना

श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट की विभिन्न इकाईयों में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी श्री कैलादेवी भवन ट्रस्ट की तकनीकी शाखा के कार्यालय समय में एवं www.kailadevitemple.com पर देखी जा सकेगी।

क्र. स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा फॉर्म शुल्क	निविदा जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1	इटावा वाली धर्मशाला नवनिर्माण कार्य।	1,78, 28,000/-	3,56,560	2000+18 %GST= 2360.00	29.01.2024 11.00 AM	29.01.2024 04.00 PM	10 माह
2	श्री कैलादेवी मंदिर उ.मा. विद्यालय में रनिंग ट्रेक (रेड टर्फ) व हॉकी प्ले ग्राउण्ड (ब्लू टर्फ) निर्माण कार्य	60,000 ,00/-	1,20,000	2000+18 %GST= 2360.00	29.01.2024 11.00 AM	29.01.2024 04.00 PM	05 माह

चन्द्रकान्त गणेश कुडतरकर
प्रबन्धक(प्रशासन)
श्री कैलादेवी टैम्पल ट्रस्ट